उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण किया

'प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत कर समाज के हर वर्ग के विकास की राह प्रशस्त करने का कार्य किया है'

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कनाना में वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण किया, इस दौरान पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।

बालोतरा, (नि.सं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को कनाना में वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत साथ रहे।

वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण में आमजन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि हमारी स्वतंत्रता वीर महापुरुषों के त्याग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत कर समाज के हर वर्ग के विकास की राह प्रशस्त करने के कार्य किया है। हमारा प्रयास रहेगा की समाज के हर वर्ग की मांगों को पूरा किया जाए। राज्य सरकार सड़क विकास का कार्य प्राथमिकता के साथ कर रही है। उन्होंने कहा कि बालोतरा समदड़ी के 32 किलोमीटर सड़क निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

इस दौरान केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि वीर दुर्गादास राठौड़ के बिना हमारा इतिहास अधूरा है। भारतीय इतिहास में ऐसे कई वीर योद्धा हुए है जो प्रात: स्मरणीय है। जिनसे हम प्रेरणा ले सकते है। सामान्य परिवार में जन्म लेने वाले वीर दुर्गादास राठौड़ के समान कोई युद्धा नही हो सकता। उन्होंने सनातन संस्कृति को बचाने के लिए अपने वर्चस्व का त्याग किया। अपनी कई पीढ़ियां कुर्बान कर दी। उन्होंने कहा कि आज भारत बदलाव के दौर से गुजर रहा है। आज हमारे पास अपने देश को विश्व में अठाणी एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का अवसर है। हमें देश के विकास में अवरोध बनकर नहीं बल्कि विकास के पहिए को गति देने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, पचपदरा विधायक डॉ अरुण चौधरी, चौहटन विधायक आदुराम मेघवाल, जिला प्रदेशाध्यक्ष बाबूसिंह राजपुरोहित, बालाराम मूढ़ समेत जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम के सामने विधायक से भिड़े आर.एल.पी. नेता

बालोतरा, (निसं)। डिप्टी सीएम दिया कुमारी के सामने ही भाजपा विधायक अरुण चौधरी से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आर.एल.पी.) के नेता भिड़ गए। विधायक गाडी में बैठकर जाने लगे तो रोक लिया। पुलिस विधायक की गाडी को रवाना करने लगी तो लोगों ने कार पर मुक्के बरसाए। मामला बालोतरा के नगाणा में डोली गांव में नेशनल हाईवे-25 पर सुबह 11.30 बजे का है। दरअसल, डिप्टी सीएम मंगलवार को बालोतरा के दौरे पर थी। डिप्टी सीएम दिया को बालोतरा के नागाणा में नागाणा शक्ति पीठ धाम पर एक पेड़ मां के नाम अभियान और वीर दुर्गादास राठौड जयंती के तहत पौधारोपण करना था।

डिप्टी सीएम का काफिला जोधपुर से सुबह दस बजे के करीब निकला। जोधपुर-बाडमेर हाईवे-25 से होते हुए काफिला बालोतरा के नागाणा की तरफ बढ़ रहा था। नागाणा से कुछ किलोमीटर पहले डोली गांव में डिप्टी सीएम को अपनी समस्याएं बताने के लिए ग्रामीण जुटे थे। ग्रामीणों का नेतृत्व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के नेता थान सिंह कर रहे थे।डिप्टी सीएम का काफिला रुका तो ग्रामीणों ने थान सिंह के नेतृत्व में समस्या बताई। कहा- जोधपुर और पाली की फैक्ट्रियों से केमिकल युक्त दूषित पानी बहकर डोली गांव तक पहुंचता है। ऐसे में यहां खेत दूषित पानी से भरे रहते हैं। इस बार बारिश के कारण यह पानी कई घरों और ढाणियों तक पहुंच गया। कई साल से यह समस्या बनी हुई है। गांव वालों ने कहा कि इसका कोई समाधान नहीं हो रहा। दिया ने किसानों-गांव वालों से बात की, आश्वासन दिया।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी थान सिंह और लोगों की बात सुन रही थी। इस दौरान पचपदरा से भाजपा विधायक अरुण चौधरी भी डिप्टी सीएम के साथ ही थे। उन्होंने थान सिंह को टोकते हुए कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए हमने ट्रीटमेंट प्लांट बनवा दिया है।

इस पर थान सिंह और अन्य लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने कहा कि आप गलत बोल रहे हैं। ऐसा कोई प्लांट कहां है। इसके बाद दोनों के बीच बहस हो गई। इस दौरान डिप्टी सीएम ने ज्ञापन लिया और कार में सवार हो गई। विधायक भी अपनी गाडी तक पहुंचे। उनके पीछे थान सिंह भी पहुंचे गए और कहा कि दिमाग में कोई गलत फहमी हो तो निकाल देना। विधायक रवाना हुए तो कुछ युवक कार के पीछे दौडे और खिडकी पर मुक्के बरसा दिए।

शिक्षक ने 8वीं कक्षा के विद्यार्थी की बेरहमी से की पिटाई

पिटाई से छात्र हुआ बेहोश, परिजनों ने संभाला

- बानसूर थाने में मामला दर्ज, कलेक्टर ने दिये उपखंड अधिकारी को जांच के आदेश
- बानसूर के मरूधर सीनियर सैकण्डरी इंग्लिश मीडियम स्कूल का मामला

घायल विद्यार्थी।

कोटपूतली, (निसं)। जिले के निकटवर्ती बानसूर थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल के कक्षा 8 वीं में पढ़ने वाले एक 12 वर्षीय मासूम छात्र को अध्यापक ने बडी बेरहमी से मारपीट की। इस संबंध में बालक के पिता ने बानसूर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार गांव महनपुर, तहसील बानसूर निवासी महेन्द्र कुमार ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया है कि उसका बेटा गौरव कौशिक बानसूर स्थित मरूधर सीनियर सैकण्डरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 8 वीं का छात्र है। गत 12 अगस्त को दोपहर 1 बजे प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव का फोन आया कि आपके बच्चे की तबीयत खराब है, इसे घर ले जाओ। इस पर स्कूल पहुंचकर देखा तो बच्चा गौरव बुरी तरह घायल था। उसके पूरे शरीर पर डण्डे व थप्पर के निशान थे, इस बाबत पुछा तो उसने बताया कि अध्यापक आकाश चतुर्वेदी ने उसके साथ बुरी तरह डण्डे व थप्परों से मारपीट की है तथा उठा-उठाकर पटका है। बच्चे के साथ की गई मारपीट से उसका पुरा शरीर कम्पन कर रहा है तथा शरीर में ऐंठन के साथ जगह-जगह मारपीट व डण्डो से चोट एवं चेहरे पर थप्पड के निशान है एवं आंख पर भी गंभीर चोट आई है। रिपोर्ट में कार्यवाही की मांग करते हुये बताया गया है कि बच्चे के साथ बुरी तरह मारपीट की गई है, जिससे चला भी नहीं जा रहा है। इस पर बानसूर थाना पुलिस ने घायल बालक का मेडीकल मुआयना करवाकर जांच शुरू कर दी है।

वहीं इस सम्बंध में परिवादी महेन्द्र कुमार शर्मा ने जिला कलेक्टर कोटपूतली-बहरोड़ कल्पना अग्रवाल को भी लिखित में मामले कि शिकायत करते हुये बताया है कि गत वर्ष भी इसी प्रकार बच्चे के साथ मारपीट की गई थी। जिस पर विधालय प्रशासन द्वारा गलती स्वीकार कर लेने एवं पुनरावृत्ति ना होने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद भी इस तरह की घटना सामने आई है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने इस सम्बंध में पुलिस के साथ-साथ उपखण्ड अधिकारी बानसूर को मामले की जाँच कर कार्यवाही के आदेश दिये है। इस संबंध में स्कूल के निदेशक रत्तिराम यादव से जानकारी चाही तो उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाडते हुए बेतुके स्वर में कहा कि मैं बाहर गया हुआ था एक शिक्षक द्वारा बच्चे की पिटाई की गई है। यदि चोट लग भी गई तो टीचर को फांसी थोड़ी ना दे दे साहब। मैं परिजनों से राजीनामे के प्रयास कर रहा हुं। वहीं प्रधानाचार्य मनोज यादव का कहना है कि शिक्षक आकाश चतुर्वेदी द्वारा बच्चे की पिटाई कि गई थी इस दौरान चोटिल होने पर हमने तुरन्त प्रभाव से बच्चे के परिजनों को सूचित कर दिया था।

होटल संचालक को 20 साल की सजा

अजमेर, (कासं)। दस वर्षीय मासूम से दुष्कर्म करने वाले आरोपी होटल संचालक को मंगलवार को अजमेर की पॉक्सो कोर्ट संख्या-2 के न्यायाधीश ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 51 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

अजमेर पॉक्सो कोर्ट संख्या-2 के विशिष्ट लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि 15 मार्च 2022 को अजमेर के कोतवाली थाने में पीडित् मां ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। मां ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी 10 साल की बेटी को होटल संचालक अर्जुन उर्फ आदिल बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ रेप किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर उसी दिन आरोपी होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया था। विशिष्ट लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि मंगलवार को पोक्सो कोर्ट 2 में मामले की सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से 14 गवाह और 51 दस्तावेज पेश किए गए। न्यायाधीश ने मामले में आरोपी नला बाजार निवासी अर्जुन उर्फ आदिल को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ 51 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया है।

माकड़ो की संतोष के ब्रेन डेड होने के बाद अंगदान किये

- विश्व अंगदान दिवस पर अंगदान कर संतोष बनी प्रेरणा स्त्रोत

झुंझुनूं, (निसं)। माकड़ो निवासी संतोष पत्नी यादराम के ब्रेन डेड होने के बाद विश्व अंगदान दिवस पर अंगों का दान कर मानवता के लिए नई मिशाल पेश की है।

सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि 12 अगस्त को सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में ब्रेन डेड घोषित हो जाने के बाद संतोष आंगबाड़ी कायकर्ता के परिवारजन ने मानव हित के लिए अंगदान करने का पुनीत निर्णय लिया। जिसके फलस्वरूप उनकी दोनों किडनियों व लिवर का प्रत्यारोपण के लिए अंगदान किया। जिससे तीन लोगों का जीवन बचाना संभव हो पाएगा। सीएमएचओ डॉ. डांगी ने बताया कि इस पुनीत कार्य के लिए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल कृतज्ञता जाहिर करते हुए परिवार जनों की सराहना की और सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी व सिंघाना बीडीओ दारासिंह को प्रशस्ति पत्र के साथ संतोष के घर भेजकर अंगदान के लिए संतोष के बेटे पंकज और परिवार जनों को सराहा। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने संतोष के अंतिम संस्कार में शामिल होकर उनके द्वारा किए गए अंगदान को प्रेरणादायी और नई मिशाल पेश की है। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

ग्रामीणों ने बताया कि संतोष संविदा पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थी। वो मेहनती व ईमानदार कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवा देती थी। 4 अगस्त को ततीजा में बाइक पर जाते हुए साड़ी का पल्लू बाइक के टायर में फंस जाने से सिर के बल सड़क पर गिरने से सिर में लगी चोट के बाद बीडीके अस्पताल झुंझुनूं और जयपुर में उपचाराधीन रही। वहीं 12 अगस्त को एसएमएस अस्पताल में ब्रेन डेड होने पर एसएमएस अस्पताल की डॉक्टर्स की टीम ने संतोष के परिवारजनों को अंगदान का महत्व बताया। जिसके बाद संतोष के परिवार जनों की सहमति से अंगदान कर तीन लोगों के जीवन बचाने की राह बनाई। जिसके बाद इस फैसले को प्रशासन और आमजनों ने खूब सराहा।

कांस्टेबल ने आत्महत्या की

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के मलसीसर पुलिस थाने के कांस्टेबल चालक द्वारा फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार सुनिल कुमार पूनियां निवासी बनगोठड़ी जिला झुंझुनूं, जो जुलाई 2023 से थाने में कार्यरत था। मंगलवार दोपहर को सुनील कुमार ने थाने में बने सरकारी आवासीय क्वार्टर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

पुलिसकर्मियों को धक्का देकर भागे दो आरोपी

झुंझुनूं/सूरजगढ़, (निसं)। महपालवास गांव में अमित उर्फ अंकित की हत्या के आरोपियों ने पुलिस कस्टडी से भागने का प्रयास किया। पुलिस को भागते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन राउंड फायर करने पड़े।

जानकारी के मुताबिक अमित उर्फ अंकित की हत्या के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी कुशलपुरा निवासी रिंकू सिंह तथा उसके साथियों चिमा का बास निवासी दक्षित जाट, धींगड़िया निवासी सुमित राजपूत तथा चांदू सिंह की ढाणी तन जाखोद निवासी विकास खाती को सुलताना एसएचओ भजनाराम तथा सूरजगढ़ एसएचओ सुखदेव सिंह पुलिस जाब्ते के साथ मंगलवार को मौका तस्दीक करवाने के बाद वारदात में काम लिए गए हथियारों को जब्त करने के लिए कुलोठ खुर्द के जोहड़ में ले गई।

जहां पुलिस ने हत्या में काम लिए गए दो देशी पिस्टल व तलवार के अलावा 16 जिंदा कारतूस बरामद किए और फिर चारों आरोपियों को वापिस सूरजगढ़ थाने ले जाने के लिए रवाना हुई। इस दौरान सबसे पहले आरोपी विकास ने सुलताना थाने के हैड कांस्टेबल राजकुमार से अपना हाथ छुड़वाया और भाग गया। पुलिसकर्मी संभलते उससे पहले ही रिंकू सिंह ने भी सूरजगढ़ थाने के कांस्टेबल राजेश से हाथ छुड़वाया और भाग गया। दोनों भागते हुए आरोपियों के पीछे पुलिस टीमें रवाना हुई। भागते भागते विकास तो जोहड़ में ही बने गड्ढे में गिर गया। जिससे सुलताना एसएचओ भजनाराम ने पकड़ लिया। इस दौरान विकास के पैर में चोट लग गई। इधर, रिंकू सिंह के पीछे सूरजगढ़ एसएचओ सुखदेवसिंह थे। जिन्होंने दो बार ऐलानिया चेतानवी देते हुए रिंकू सिंह को रूकने के लिए कहा। लेकिन लगातार रिंकू सिंह भागता रहा फिर सुखदेव सिंह ने दो बार चेतावनी के साथ हवाई फायर किए। लेकिन इसका भी रिंकू सिंह पर कोई फर्क नहीं पड़ा। दो राउंड हवाई फायर करने के बाद सूरजगढ़ एसएचओ सुखदेवसिंह ने तीसरा राउंड फायर रिंकू सिंह के पैर पर किया।

मां-बेटे की हत्या, लहुलूहान हालत में मिले शव

झुंझुनूं, (निसं)। धनूरी थाना इलाके के हमीरी कलां गांव में बीती रात को घर के चौक में चारपाई पर सो रहे मां और बेटे पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसके बाद सुबह बेटे की लाश मिली और मां गंभीर घायल अवस्था में मिली। जिसे झुंझुनूं से जयपुर रैफर किया गया। लेकिन झुंझुनूं से निकलते ही मां ने भी दम तोड़ दिया।

जानकारी के मुताबिक हमीरी कलां गांव निवासी मनफूल जांगिड़ की पत्नी माया और उसका छोटा बेटा अजय घर पर चारपाई पर बाहर सो रहे थे। बीती रात को अज्ञात लोगों ने दोनों को धारदार हथियार से कई जगहों से काट दिया। जिससे अजय की मौत हो गई और सुबह उसकी लाश मिली। वहीं मां माया देवी सुबह तक तड़पती रही। सुबह करीब 10-11 बजे पड़ौस की एक महिला जब छत पर गई तो उसने देखा तो दोनों मां-बेटे बेसुध पड़े थे और खून बिखरा हुआ था। इसके बाद परिजनों को और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल मां को पहले बीडीके अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद गंभीर हालत होने पर माया देवी को जयपुर रैफर किया गया। लेकिन झुंझुनूं से निकलते ही माया देवी ने भी दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंचे एएसपी फूलचंद मीणा, डीएसपी हरिसिंह धायल, धनूरी एसएचओ रामनारायण आदि पहुंचे। जिन्होंने मौका मुआयना किया। वहीं एफएसएल टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए गए। इस मामले में एएसपी फूलचंद मीणा ने बताया कि मामला हत्या का है। लेकिन अभी रिपोर्ट आने और जांच होने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

बताया जा रहा है कि मृतक अजय जांगिड़ पर पिछले दिनों मोबाइल चोरी का आरोप लग चुका है। वहीं गांव में हुए एक ई मित्र पर चोरी मामले में भी मृतक के साथ पूर्व में पुलिस ने पूछताछ की थी। इसी मामले में एक युवक का अजय जांगिड़ द्वारा नाम पुलिस को बताया गया था। जिससे भी अजय जांगिड़ को धमकियां मिल रही है। अजय जांगिड़ का एक बड़ा भाई दिनेश है। जो गाड़ी चलाता है। वहीं पिता मनफूल किसी दूसरे गांव में नौकरी करते हैं। घटना के वक्त और अक्सर घर में मृतक अजय और उसकी मां ही रहा करते हैं। घटना की सूचना मिलने पर एसपी राजर्षि राज वर्मा ने भी मौका मुआयना किया। वहीं जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कही। इस मामले में मृतक के भाई दिनेश ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को राउंड अप किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

इस मामले में मृतक अजय के भाई दिनेश ने बताया कि तीन अगस्त को गांव के पवन ने एक व्हाट्स एप पर वॉयस मैसेज भेजकर कहा था कि यदि दोनों मां-बेटे उसके घर आ गए तो हाथ-पैर तोड़कर भेजेगा। ज्यादा मिलने की जल्दी हो तो घर आ जाना। वरना पांच-सात दिन में वह खुद आएगा। केस और धमकियों से नहीं डरता। केस एक लग गया है और दो और भी लग जाएंगे तो कोई दिक्कत नहीं। यह वॉयस मैसेज अजय ने अपने भाई दिनेश को भेजा। लेकिन दिनेश ने भाई अजय को समझाया कि वह घर रहे। कहीं नहीं जाना। इसके कारण ही परिवार के लोगों को पवन पर शक है।

मृतक अजय के ताउ राधेश्याम ने बताया कि मृतका माया के पूरे शरीर में हर जगह चाकू मारे हुए है। चाकू इस तरह मारे गए है कि जैसे मारने वाला भयंकर गुस्से में हो। बिना सोचे-समझे अननिगत चाकू मुंह से लेकर पैर तक मारे गए है। एक बार तो मुंह देखने से पता भी नहीं चलता कि मृतक माया ही है या फिर कोई और। इधर, जानकारी में सामने आया है कि घर में मां-बेटे दोनों ही रहते थे। जो नशे के आदि थे। मौके पर कुछ संदिग्ध दवाइयां भी मिली है। जो नशे के काम में ली जाती है। इसके अलावा जानकारी में यह भी सामने आया कि दिसंबर 2023 में मृतक माया बीडीके अस्पताल में मोबाइल चुराते हुए पकड़ी गई थी। लेकिन कोई केस दर्ज ना होने के कारण पुलिस ने उसे छोड़ दिया था।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

धौलपुर, (निसं)। धौलपुर-बाड़ी मार्ग पर मंगलवार को निभी का ताल देखने जा रहे दो बाइक सवार युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर से रेफर किया गया, जहां रास्ते में दूसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया।

हादसे की सूचना पर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के रजई का पुरा गांव के रहने वाले दो युवक 19 वर्षीय पंजाब पुत्र देवी प्रसाद और 18 वर्षीय गजेंद्र पुत्र अमर सिंह गांव से निभी का ताल देखने के लिए बाइक से गए थे। रास्ते में बाइक सवार दोनों युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने एंबुलेंस को बुलाकर दोनों को जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक गजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दूसरे युवक पंजाब सिंह को ड्यूटी डॉक्टर ने इलाज के लिए रेफर कर दिया। रेफर किए गए युवक पंजाब सिंह ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। सड़क हादसे में दोनों युवकों की मौत होने के बाद उनके शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

हमले में पीड़िता के पिता की मौत

अस्पताल गये पूर्व विधायक को पुलिस ने पीटा!

करौली (नि.स.)। करौली सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर पर बैठे अधेड़ पर कुछ बदमाशों ने लाठियों से हमला कर दिया। हमले में युवक की मौत हो गई जबकि पत्नी और दो बेटी घायल हो गई। मृतक का शव करौली अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवाया है। जबकि घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजन और ग्रामीणों ने एक किशोरी से छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराने के बाद राजीनामा का दबाव बनाने तथा बात नहीं मानने पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। दूसरी ओर करौली के पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने आरोप लगाया है कि शांतिपूर्वक प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने मुझे मारा पीटा।

घटना की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा, करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, सदर थाना अधिकारी चंचल शर्मा , कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार ,अस्पताल पहुंचे और परिजन तथा ग्रामीणों से समझाइश की। परिजन और ग्रामीण प्रदर्शन कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। बसपा जिला अध्यक्ष जमनालाल जाटव ने बताया कि करौली सदर थाना क्षेत्र के एक गांव गुड़ला पहाड़ी में एक किशोरी से क्षेत्र के ही युवक द्वारा छेड़छाड़ करने की एफआईआर थाने में दर्ज कराई थी। मामले को लेकर आरोपी के परिजन और ग्रामीण राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। परिजनों द्वारा आरोपी से राजीनामा करने से इनकार कर दिया। जिससे नाराज होकर घर में बैठे किशोरी के पिता पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। उसे बचाने आई उसकी पत्नी और बेटियों से मारपीट की। हमले में पति-पत्नी और दो बेटियों सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल में लाया गया।

जहां डॉक्टर ने जांच के बाद पिता को मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। जबकि घायल पत्नी और दो बेटियों का करौली अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिवारजनों और ग्रामीणों ने पुलिस पर भी लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा ने बताया कि सूचना मिलते ही एफआईआर दर्ज कर पीड़िता के बयान भी दर्ज किए है। साथ ही टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायलों का उपचार हॉस्पिटल में चल रहा है।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही जाटव समाज के लोग करौली अस्पताल में एकत्रित हो गए । जहां उन्होंने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक पोस्टमार्टम नहीं कराने पर खड़े रहे और जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर हतयारों को शीघ्र गिरफ्तार करने, मृतक के परिवार की सुरक्षा करवाने, मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने, पटना के मुकदमे का फास्ट ट्रैक अदालत से निस्तारण करवाने एवं मृतक के परिवार को एक करोड रुपए की सहायता दिलवाने की दिन भर चले घटनाक्रम के बाद दोपहर के समय करौली के पूर्व विधायक सुरेश मीणा अस्पताल पहुंचे। पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने आरोप लगाया है कि मैं शांतिपूर्वक पीड़ित परिवार से मिलने आया था लेकिन कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने मुझे बेरहमी से मारा, पीटा और घायल कर दिया।

टोरडी सागर बांध के ऑवरफ्लो पानी के बहाव में बहे रोडवेज बस चालक का शव मिला

इंदोली की सहोदरा नदी के बहाव में बहने से गंभीर घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

मालपुरा, (निसं)। पांच अगस्त को मालपुरा में हुई मूसलादार बरसात से ऑवरफ्लो हुये टोरडी सागर बांध से निकले ऑवरफ्लो पानी के तेज बहाव में रोडवेज बस के साथ बहे चालक दतोब निवासी मुकेश बलाई का शव मंगलवार को सात दिन बाद सडी गली हालत में मिट्टी में दबा मिला। वही आठ अगस्त को सहोदरा नदी के बहाव में बहने से गंभीर घायल हुये इंदोली निवासी जवाहर जाट ने मंगलवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पांच अगस्त की भारी बारिश से 28 साल बाद ऑवरफ्लो हुये टोरडी सागर बांध की चादर से निकले पानी के तेज बहाव व ग्रामीणों की समझाईश को अनसुना कर रोडवेज चालक मुकेश बलाई ने देर शाम रोडवेज बस को पानी के बहाव मे उतार दिया। जिससे बस पानी मे फंस गई। रातभर एस.डी.आर.एफ. टीम द्वारा चलाये गये रैस्क्यू के बावजूद छह अगस्त की सवेरे बस व चालक पानी में बह गये। टोरडी चौकी प्रभारी राकेश मीणा व कांस्टेबल महराम जाट के साथ एसडीआरएफ की टीम रोजाना 12 घंटे रैस्क्यू चला चालक के शव की तलाश कर रही थी। सोमवार को मुख्य सडक से तकरीबन डेढ किमी. दूर पेंट व टी-शर्ट झाडियों में फंसे मिलने के बाद टीम ने अभियान को जारी रखते हुये गहन तलाशी की जिसमे मंगलवार को चालक का सडा गला शव मिट्टी में दबा मिला। शव को बाहर निकाल चालक के परिजनों को मौके पर बुलाया। परिजनों ने शव के गले मे पहने सोने का मांदलिया के आधार पर शव की पहचान की। टोरडी अस्पताल मे मेडिकल टीम को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

टोरडी सागर बांध के ऑवरफ्लो पानी के बहाव में रोडवेज बस के साथ बहे चालक युवक का सात दिन बाद शव बरामद हुआ।

टोरडी चौकी स्टाफ व एसडीआरएफ टीम के संयुक्त प्रयासो से चालक का शव मिलने पर अधिकारियो व परिजनों ने राहत की सांस ली। तो वही दूसरी और इंदोली की सहोदरा नदी के बहाव मे नयागांव जाटान के रपटे पर आठ अगस्त को इंदोली निवासी जवाहर जाट व इसका भतीजा रामलाल जाट पानी मे बह गये। जिस पर ग्रामीणों ने रैस्क्यू कर रामलाल जाट के शव को निकाल लिया लेकिन जवाहर जाट को अचेतावस्था मे मालपुरा अस्पताल पहुंचाया जहां से चिन्ताजनक हालत मे जयपुर रैफर किया गया था। उपचार के दौरान छ: दिन बाद मंगलवार को जवाहर जाट ने भी दम तोड दिया। जवाहर जाट सहित क्षैत्र में पानी के बहाव में बहने से मरने वालो का आंकडा पांच हो गया। मृतक रोडवेज चालक व जवाहर के घर में कोहराम मच गया। बैहद गरीब परिवार के रोडवेज चालक की पत्नि सात महिने की गर्भवती है। पति की मौत के बाद मिले शव की सुचना से वो अचेत हो गई। ग्रामीणो ने मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। तो केबिनेट मंत्री व क्षैत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने भी संवेदना व्यक्त की।